## —: टीप एवं आख्याएं :—

जिलाधिकारी महोदय,

कृपया जल जीवन मिशन कार्यक्रम "हर घर नल" उपलब्ध कराने के क्रम में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु सूचीबद्ध फर्म मेसर्स मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो एवं मेसर्स दारा इंजीनियरिंग द्वारा जनपद–बलरामपुर में पाइप पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में दिनांक 17.01.2025 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की आयोजित बैठक की कार्यवृत्त का पत्रालेख पत्रावली में दायीं ओर रक्षित है।

कृपया सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

अधिशासी अभियन्ता,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बलरामपुर।

CamScanner

**जल जीवन मिशन–''हर घर नल से जल योजना'' के अन्तर्गत दिनांक 17.01.2025 को जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम–''हर घर नल से जल योजना'' के अन्तर्गत जनपद–बलरामपुर में नामित एजेन्सी– मे. लारसेन एण्ड टूब्रो चेन्नई एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) द्वारा पाइप पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति एवं आई0एस0ए0 द्वारा किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में दिनांक 17.01.2025 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिलाधिकारी कार्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार, बलरामपुर में आयोजित की गई। जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. जिला पंचायती राज अधिकारी, बलरामपुर।
2. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
3. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद–बलरामपुर।
4. परियोजना प्रबन्धक मे0 लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
5. उप परियोजना प्रबन्धक, मे0 दारा इंजीनियरिंग, बलरामपुर।
6. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बलरामपुर।
7. टीम लीडर, मे0 सेन्सिस टेक लि.(टी.पी.आई.), देवीपाटन, गोण्डा।
8. समस्त संस्था प्रमुख, इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी(आई.एस.ए.), बलरामपुर।

सदस्य सचिव द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा जनपद–बलरामपुर हेतु नामित एजेन्सी– मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, चेन्नई एवं मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) द्वारा पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति एवं आई0एस0ए0 द्वारा किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में पी0पी0टी0 के माध्यम से अवगत कराया गया।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो लि0 को आवंटित 199 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 94 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 105 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था द्वारा 199 नग ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 199 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 179 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 20 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था को आवंटित 199 नग योजनाओं के सापेक्ष 181 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर 77 नग सोलर पैनल संचालित है। शेष 18 नग सोलर पैनल अधिष्ठान का कार्य प्रगति पर है। पाइप लाइन की कुल लम्बाई 2103 कि0मी0 के सापेक्ष 2091 कि0मी0 बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 12 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। 109694 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 82849 नग पेयजल कनेक्शन लाभार्थियों को प्रदान किया गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा 295 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 156 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत ''हर घर जल'' प्रमाणीकरण रिपोर्टिंग कर 121 नग राजस्व ग्राम को ''हर घर जल'' प्रमाणित किया गया है। फर्म 62 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत मार्गों के पुनर्स्थापना/मरम्मत का कार्य किया गया है। 88 नग पाइप पेयजल योजनाओं में ओ0एच0टी0 के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।

सदस्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो लि0 द्वारा ओ0एच0टी0 के कार्य हेतु अपेक्षित मैनपावर की कमी के कारण ओ0एच0टी0 निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। फर्म द्वारा जिन ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने के दौरान काटी/तोड़ी गयी सड़कों का कार्य कराया गया है वहां कुछ स्थानों पर सड़क का सेटेलमेंट हुआ है, उन स्थानों पर पुनः मरम्मत किये जान की आवश्यकता है। कई ग्राम पंचायतों में जलापूर्ति के दौरान जगह–जगह लीकेज की भी समस्या आ रही है।

**निर्देशः**

**जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि अवशेष 105 नग योजनाओं के ओ0एच0टी0 पर कार्य हेतु पर्याप्त मैनपावर की वृद्धि करते हुए निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही तोड़ी/काटी गयी सड़कों के पुनर्स्थापना/मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्वक कराया जाना सुनिश्चित करें।**

CamScanner

कार्यवाही– परियोजना प्रबंधक, मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो।

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन(जे0वी0) को आवंटित 430 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष मात्र 53 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण किया गया है। शेष 377 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था द्वारा 430 नग ट्यूबवेल के सापेक्ष 352 नग ट्यूबवेल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। शेष 78 नग ट्यूबवेल का कार्य प्रगति पर है। 430 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 238 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 192 नग पम्प हाउस निर्माण का कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था को आवंटित 430 नग योजनाओं के सापेक्ष 246 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर 86 नग सोलर पैनल संचालित है। शेष 184 नग सोलर पैनल अधिष्ठान का कार्य प्रगति पर है। पाइप लाइन की कुल लम्बाई 4558 कि0मी0 के सापेक्ष 4512 कि0मी0 बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 46 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। 177424 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 164572 नग पेयजल कनेक्शन लाभार्थियों को प्रदान किया गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा 595 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष मात्र 92 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत "हर घर जल" प्रमाणीकरण रिपोर्टिंग कर 54 नग राजस्व ग्राम को "हर घर जल" प्रमाणित किया गया है। फर्म 90 नग राजस्व ग्रामों में शत प्रतिशत मार्गों के पुनर्स्थापना/मरम्मत का कार्य किया गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा मात्र 25 नग योजनाओं पर ओ0एच0टी0 के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।

निर्देशः

जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मे. दारा इको प्रोटेक्शन जे0वी0 के उप परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं पर ओ0एच0टी0 का कार्य स्टेजिंग स्तर तक पूर्ण है उनका का कार्य माह के अन्त तक शत प्रतिशत पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। पाइप योजनाओं के सभी घटकों पर मैनपावर की वृद्धि करते हुए अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

कार्यवाही– उप परियोजना प्रबंधक, मेसर्स मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन जे0वी0।

निर्देशः

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक में मे0 सेन्सिस टेक लि., (टी.पी.आई.) के डिप्टी टीम लीडर द्वारा विस्तृत रिपोर्ट टी.पी.आई. द्वारा प्रस्तुत किया जाए। टी.पी.आई. द्वारा जो भी अवलोकन किये गये हैं उनमें अनुपालन की स्थिति से आगामी में समीक्षा बैठक में डिप्टी टीम लीडर द्वारा अवगत कराया जायेगा।

कार्यवाही– जनपदीय टीम लीडर, मे0 सेन्सिस टेक लि., (टी.पी.आई.)

निर्देशः

डी0पी0एम0यू0 के जिला समन्वयक को निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक में आई0एस0ए द्वारा कराये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करें एवं कार्यस्थल की निरीक्षण आख्या मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही– जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0।

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(संदीप सिंह)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता भूगर्भ जल
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला कृषि अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

CamScanner

प्रभागीय वन अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला पंचायती राज अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
बलरामपुर।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बलरामपुर।**

पत्रांक : 111 /25ां0-2 /18 दिनांक– 25/01/2025

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, देवीपाटन मण्डल, उ.प्र. जल निगम, गोण्डा।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
5. समस्त उप जिलाधिकारी, बलरामपुर।
6. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
7. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग जे0वी0 इको प्रोटेक्शन, बलरामपुर।
8. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता

CamScanner